देखो नन्दी पे होके सवार

देखो नंदी पे हो के सवार

देखो, नंदी पे, हो के सवार,
चला है, मेरा, बंम भोला ॥
नाग, काला, हो नाग काला,
नाग, काला, गले में, लिया धार,
चला है, मेरा बंम भोला ।
देखो, नंदी पे, हो के...

हाथों में, त्रिशूल, ओढ़े मृगशाला जी ।
माथे पे, चंदा है, बड़ा ही निराला जी ॥
और, जटाओं में, और जटाओं में,
और, जटाओं में, गंगा की धार,
चला है, मेरा, बंम भोला ।
देखो, नंदी पे, हो के...

धूणा, मसानों में, भोले का लगे जी ।
भोले के, संग टोला, भूतों का सजे जी ॥
गोला, भांग का, ओ गोला, भांग का ।
गोला, भांग का, चढ़ा के दो दो चार,
चला है, मेरा, बंम भोला ।
देखो, नंदी पे, हो के...

भक्तों पे, किरपा, करे हैं भोले नाथ जी ।
करे, सुनीता, तुझी पे विश्वास जी ॥
कहे, जगदेव, ओ कहे जगदेव,
कहे जगदेव, सुनो लो पुकार,
चला है, मेरा, बंम भोला ।
देखो, नंदी पे, हो के...
अपलोडर- अनिलरामूर्तीभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/35938/title/dekho-nandi-pe-ho-ke-swar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |